कार्यालय नगर निगम कोटा, राजस्थान

राजीव गांधी प्रशासनिक भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

Email : nnksouth@gmail.com, websites : www.kotamc.org.in, Ph.: 0744-2502142

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक :– ननिको/निर्माण/2026/100–111 दिनांक :– 17.08.2026

ई–निविदा सूचना संख्या 08/2026–27

नगर निगम कोटा द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के "A", "AA" श्रेणी में एवं नगर निगम कोटा में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamc.org.com, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, से प्राप्त कर सकेंगे।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) : 20.08.2026 से 27.08.2026 तक
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क व तकनिकी बिड के दस्तावेज ऑन–लाईन अपलोड करने की तिथि : 20.08.2026 से 27.08.2026 तक
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क के मूल डी.डी./बैंकर्स चैक/जमा रसीद की प्रति, मूल स्टाम्प, ई–प्रकॉप सबमीट की प्रति, तकनिकी बिड के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की तिथि : 31.08.2026 (दोपहर 02:00 बजे तक)
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 31.08.2026 (सांय 04:00 बजे)
- वित्तीय बिड खोलने की तिथि : तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

क्र. स.	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाखों में)	धरोहर राशि		निविदा शुल्क	प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
			0.50%	2.0%			
1	बन्धा धर्मपुरा स्थित गौशाला में निर्माण व अन्य मरम्मत निर्माण विकास कार्य।	80.64	40320/-	161280/-	3500/-	1500/-	06 माह

निविदा की शर्तें :–

1. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. 2013 के नियम एवं शर्तें निविदा में लागू होगें।
2. निविदाताओं को निविदा शुल्क/बोली प्रतिभूति एवं प्रोसेसिंग फीस आन लाईन नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamc.org.com, पर SUBMISSION DATE AND TIME से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके http://eproc.rajasthan.gov.in, पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जावेगा। निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस (Non-Refundable) वापस नही की जावेगी। **निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग शुल्क के डी.डी. भी मान्य होंगे। (संवेदक निविदा से संबंधित निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. इत्यादि फर्म के नाम से बनवाये।)** निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस के डी.डी. (Non-Refundable) वापस नहीं की जावेगी।
3. निविदा प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप में ऑन–लाईन प्रस्तुत किए जाने हैं।
4. ई–बोली प्रपत्र दो भागों में है। प्रथम भाग तकनिकी बिड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बिड है। बोली दाता द्वारा तकनिकी बिड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुये मय सील e-proc पोर्टल पर अपलोड करनी है। वित्तीय बिड आनलाईन BoQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे निम्न रूप में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय दर वाला बिड डाक्यूमेंट केवल उन्ही फर्मो का खोला जायेगा, जिन्हें कमेटी द्वारा तकनिकी बिड डाक्यूमेंट में योग्य समझा जायेगा।
5. संवेदक को किसी किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कारपोरेशन अथवा उपक्रम में वर्तमान में ब्लैक लिस्टेड/डीबार अथवा डिफाल्टर घोषित नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में 100 रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र निविदा में तकनिकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक हैं। **(शपथ पत्र में निविदा का कार्य संख्या अंकित करना होगा)**
6. फर्म का नाम एवं पता मय टेलीफोन नम्बर फर्म की स्थिति एकाकी/पार्टनरशिप/प्रा. लि./आदि का विवरण सलंग्न करना होगा।
7. संवेदक/फर्म को निविदा में तकनिकी बिड प्रपत्र के साथ फर्म का पैन कार्ड नम्बर की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
8. संवेदक/फर्म को जी.एस.टी. विभाग पंजीकृत होना आवश्यक है एवं विभाग द्वारा जारी जी.एस.टी. सर्टिफिकेट की प्रति निविदा में तकनिकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।
9. संवेदक/फर्म को जी.एस.टी. विभाग में नवीनतम जी.एस.टी. आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र की छाया प्रति निविदा में तकनिकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।
10. संवेदक को निविदा के तकनिकी बिड प्रपत्र में मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती नहीं किये जाने पर उस फर्म को उस निविदा के लिये असफल माना जावेगा।
11. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तों की अवहेलना गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा,जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।
12. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा को होगा।
13. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित अंकित करनी होगी/BoQ में भरनी होगी।
14. फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर की कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।
15. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार/संवेदक को मान्य होगें।
16. सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय न्यायालय कोटा का ही क्षेत्राधिकार होगा।
17. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगें।

18. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
19. यदि किसी निविदा दाता द्वारा टेन्डर की राशि से कम दर भरी जाती है तो सफल निविदा दाता को निदेशालय आदेश क्रमांक प.6 (च) (431) (ई-17052) स्वी/लेखा/डि.एल.बी./नागौर/2020/958 दिनांक 22.10.2024 अनुसार अन्तर राशि (Additional Performance Security) 14 दिवस में BG/FDR/NSC के रूप में नगर निगम कोटा में जमा कराए जाने पर कार्यादेश जारी किया जावेगा। कार्य सन्तोषप्रद पूर्ण होने के पश्चात् वापस लौटा दी जावेगी। आदेश संलग्न है।
20. निविदादाता दरों की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी। तदुपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
21. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
22. ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में पंजीकृत संवेदक को ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. रजिस्ट्रेशन की प्रति तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा।
23. संवेदक को राशि 100/- के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पैपर पर नोटरी से प्रमाणित इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि "ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. से श्रमिकों के भुगतान की ओडिट कराने एवं ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई.के समस्त प्रकार के दायित्वों का निवर्हन एवं नियोजित श्रमिको का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा तथा भविष्य में पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी" का शपथ पत्र तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मूल शपथ पत्र उपलब्ध कराना होगा। **(शपथ पत्र में निविदा का कार्य संख्या अंकित करना होगा)**
24. तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
25. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
26. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होगें एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता सम्बन्धित वार्ड पार्षद/जन प्रतिनिधि को सूचित करेंगे एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट हेतु सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित करेगें।
27. कार्य की दोष निवारण अवधि कार्य पूर्ण होने के उपरान्त एक वर्ष की होगी।
28. निविदादाता विफल रहा है के मूल्य की निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर वसूली की जावेगी।

• विहित परिदान कालावधि की एक चौथाई कालावधि तक विलम्ब	2.50 प्रतिशत
• विहित कालावधि से एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनाधिक कालावधि तक विलम्ब	5.00 प्रतिशत
• विहित कालावधि के आधे से किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि का विलम्ब	7.50 प्रतिशत
• विहित कालावधि के तीन चौथाई से अधिक की कालावधि का विलम्ब	10.00 प्रतिशत
• निर्धारित नुकसान की अधिकतम रकम	10.00 प्रतिशत

29. कार्य प्रारम्भ से पूर्व संवेदक द्वारा कार्य स्थल पर स्वयं के खर्चे पर आवश्यकतानुसार कार्य की सूचना के बोर्ड लगाने अनिवार्य होगें।
30. संवेदको को निविदा की शर्तो एवं तकनिकी बिड प्रपत्र में मांगे गये दस्तावेज तकनिकी बिड के साथ संलग्न कर अपलोड करना होगा, अनावश्यक दस्तावेज संलग्न करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

नोटः– **तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।**

अधिशाषी **अभियन्ता**
नगर **निगम कोटा**

क्रमांक :– ननिको/निर्माण/2026/100–111 **दिनांक :–**17.08.2026

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. श्रीमान प्रशासक, महोदय, नगर निगम कोटा।
2. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
3. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
4. उपायुक्त, महोदय, (जोन–01, 02, 03, 04, 05) नगर निगम कोटा।
5. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. अधीक्षण अभियन्ता, महोदय, नगर निगम कोटा।
7. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
8. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ..... नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
10. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वेनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. निजी सहायक (प्रशासक, महोदय, आयुक्त, महोदय, अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, उपायुक्त, महादेय, अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II)/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा।
12. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा।

अधिशाषी **अभियन्ता**
नगर **निगम कोटा**

कार्यालय नगर निगम कोटा, राजस्थान

राजीव गांधी प्रशासनिक भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा
Email : nnk@gmail.com, websites : www.kotamc.org.in, Ph.: 0744-2502142

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक :– ननिको/निर्माण/2026/100–111 दिनांक :–17.08.2026

ई–निविदा सूचना संख्या 08/2026–27

नगर निगम कोटा द्वारा उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं अन्य विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के "A", "AA" श्रेणी में एवं नगर निगम कोटा में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कुल एक कार्य हेतु कुल राशि 80.64 लाख रूपये की ऑन–लाईन निविदायें दिनांक 20.08.2026 से दिनांक 27.08.2026 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट **www.kotamc.org.in, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लागत (लाखों में)
1	बन्धा धर्मपुरा स्थित गौशाला में निर्माण व अन्य मरम्मत निर्माण विकास कार्य।	80.64

NIB Code No. DL32627A7637 **UBN No.** DLB2627WSRC19748

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा

क्रमांक :– ननिको/निर्माण/2026/100–111 दिनांक :–17.08.2026

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. श्रीमान प्रशासक, महोदय, नगर निगम कोटा।
2. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
3. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
4. उपायुक्त, महोदय, (जोन–01, 02, 03, 04, 05) नगर निगम कोटा।
5. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. अधीक्षण अभियन्ता, महोदय, नगर निगम कोटा।
7. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
8. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ..... नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
10. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. निजी सहायक (प्रशासक, महोदय, आयुक्त, महोदय, अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, उपायुक्त, महादेय, अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II)/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा।
12. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा